Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding approval for construction of new houses under the PM Awas Yojana in rural areas of Chhattisgarh

श्री सुनील कुमार सोनी (रायपुर): सभापति महोदय, हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री जी की इच्छा अनुसार देश के प्रत्येक नागरिक का अपना पक्का मकान हो इस हेतु माननीय प्रधानमंत्री जी ने प्रधानमंत्री आवास योजना लागू की । इस हेतु मै माननीय प्रधानमंत्री जी को सहृदय धन्यवाद प्रेषित करता हूँ कि उनकी इच्छा के अनुरूप आज करोड़ों देशवासी अपने स्वयं के मकान में निवासरत हैं । मैं माननीय विभागीय मंत्री जी का छत्तीसगढ़ राज्य के प्रधानमंत्री आवास योजना की वर्तमान स्थिति की ओर ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ । छत्तीसगढ़ राज्य में नये प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति विगत 3 वर्षों से नहीं दी जा रही है । इससे ग्रामीण अंचल में नवीन आवास का निर्माण नहीं हो पा रहा है । इसके अतिरिक्त पूर्व में स्वीकृत आवास की द्वितीय, तृतीय किस्त की राशि समय पर जारी नहीं करने के कारण से हजारों लोगों के मकान अधूरे पड़े तथा वे बेघर हो गए हैं । अतः मेरा माननीय विभागीय मंत्री जी से यह आग्रह है कि इस संबंध में छत्तीसगढ़ राज्य में इस परियोजना से जुड़े अधिकारियों की समीक्षा बैठक करें जिससे कि पात्र लोगों को उनको पक्के मकान की सुविधा प्राप्त हो सके तथा हमारे माननीय प्रधानमंत्री जी की इच्छा, कि सभी का अपना पक्का मकान हो, पूरी हो सके ।